रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92 REGD. No. D.L.-33004/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 35] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 4, 1992/भाद्र 13, 1914
No. 35] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 4, 1992/BHADRA 13, 1914

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रटरीज आफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत गठित)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 सितम्बर, 1992

फाइल सं. 104/20/एकाएक्स :—31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रटरीज आफ इण्डिया की परिषद की बारहवीं वार्षिक रिपोर्ट।

1. प्रस्तावना :

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18(5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रटरीज आफ इण्डिया की परिषद की 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष की बारहवीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों के परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखा परीक्षक रिपोर्ट प्रकाशित करती है। उक्त वर्ष की 31 मार्च 1992 को समाप्त वर्ष में इंस्टीट्यूट की महत्वपूर्ण गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

2. नई घटनाएं :

2.1 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान सरकार द्वारा साहसी और नई क्रान्तिकारी नीतियों को अपनाने के कारण हमारे देश में अत्यन्त महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं। सरकार ने विनियमों को हटाने और अपवाद रूप में ही नियंत्रण रखने और व्यावसायिक व्यक्तियों पर अधिक भरोसा करने पर जोर दिया है। इस प्रसंग में, व्यापार, उद्योग और सरकार में व्यवसायों से जुड़े व्यक्तियों की भूमिका का बढ़ना अनिवार्य है, जिससे बहुत हद तक सार्वजनिक हित पूरा होगा। इंस्टीट्यूट विवेकपूर्ण व्यावसायियों पर भरोसा रखते हुए अपवाद रूप में ही नियंत्रण रखने की संकल्पना का आग्रह करता रहा है। हाल में जो उदारीकरण के उपाय

किये गए हैं, वे इस विषय में इंस्टीट्यूट की विचार-धारा का ही परिणाम है ।

2.2 परिस्थिति संदर्भ में यह संतोष की बात है कि इस वर्ष सचिवीय लेखापरीक्षा को और गति प्राप्त हुई है तथा राज्य स्तर के वित्तीय संस्थानों ने इसे और अधिक स्वीकार किया है । जून 1991 में गुजरात औद्योगिक निवेश निगम लि., अहमदाबाद, ने अपनी ऐसी सभी कम्पनियों में वार्षिक सचिवीय लेखापरीक्षा आरंभ कर दी है, जिन्हें वह सहायता देता है और जिनमें पूर्णकालिक कम्पनी सचिव नहीं है, और अगस्त, 1991 में अरुणाचल प्रदेश औद्योगिक विकास तथा वित्त निगम लि., नाहरलागुन निगम ने भी अपनी उन कम्पनियों की वार्षिक सचिवीय लेखापरीक्षा निर्धारित कर दी है जिन्हें वह सहायता देती है । इस बारे में कुछ अन्य राज्य स्तर के औद्योगिक/वित्तीय संस्थानों ने भी अभ्यावेदन किया है और इनमें से कुछ संस्थान इस बात की व्यवहारिता पर विचार कर रहे हैं कि क्या उनसे सहायता-प्राप्त कम्पनियों के साथ किये जाने वाले ऋण-करार में इस तरह की लेखा-परीक्षा की प्रसंविदा आरम्भ की जा सकती है । परिषद केन्द्रीय सरकार पर भी जोर दे रही है कि जिन कम्पनियों में कम्पनी सचिव नियुक्त कर अनिवार्यतः बाध्यकारी नहीं है, उनमें पूर्णकालिक व्यवसायरत कम्पनी सचिव द्वारा सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट आरम्भ करने के लिये कम्पनी अधिनियम, 1956 को संशोधित किया जाये ।

2.3 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत इस व्यवसाय में प्रेक्टिस करने के लिये एक और मान्यता प्राप्त हुई है । मार्च 1992 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने विनिमय नियंत्रण विनियमों के अधीन विभिन्न प्रमाणपत्र जारी करने के लिये पूर्णकालिक व्यवसायरत कम्पनी सचिवों को मान्यता प्रदान कर दी है ।

2.4 जैसाकि सदस्यों को मालूम है, इंस्टीट्यूट इस व्यवसाय में कार्यरत सदस्यों को ऐसी कम्पनियों के बोर्डों में निदेशक मनोनीत करने का जोरदार प्रयास करती रही है, जिन्हें वित्तीय संस्थान और औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड सहायता देते हैं । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने उससे सहायता-प्राप्त कम्पनियों के बोर्डों में सदस्यों को मनोनीत करने पर विचार करने के लिये सहमति दे दी है । बैंकिंग डिवीजन, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय के अनुरोध पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बोर्डों में निदेशक के रूप में नामिती नियुक्त किये जाने के लिये इस व्यवसाय के वरिष्ठ सदस्यों की सूची उसे भेज दी गई है ।

2.5 जब से भारतीय प्रत्याभूति और विनिमय बोर्ड स्थापित हुआ है, जो पूंजी बाजारों के कामकाज की नियंत्रणकारी संस्था है, तभी से इंस्टीट्यूट इस बोर्ड के साथ पारस्परिक परामर्श और संगम बनाये हुए है इस बोर्ड को हमारे व्यवसाय से कई क्षेत्रों में व्यावसायिक सहायता की आवश्यकता होगी जैसे कम्पनी के विवरण-पत्र में प्रकटन तथा अन्य अपेक्षाओं का अनुपालन करना, शेयर पूंजी का निर्गमन, शेयरों का अन्तरण और पारेषण आदि ।

3. परिषद् :

3.1 परिषद् के सदस्यों का निर्वाचन

तीसरी निर्वाचित परिषद की तीन वर्ष की कार्यविधि 31-12-91 को समाप्त हो गई । कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उप-धारा (2) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अनुसरण में परिषद के चौथे चुनाव वर्ष 1991 की अन्तिम तिमाही में सुचारू रूप से सम्पन्न हुए तथा निम्नलिखित 12 कैलो सदस्य परिषद के लिये निर्वाचित घोषित किये गये :

पूर्वी भारत क्षेत्रीय निर्वाचन-क्षेत्र

1. ए.के. सेन
2. महेश शाह

उत्तरी भारत क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र

1. यू.के. चौधरी
2. ओ.पी. दानी
3. हरीश के. चैद

दक्षिणी भारत क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र

1. टी.वी. पद्मनाभन
2. एम.एस. रायवन
3. पी.टी. रंगामणि

पश्चिमी भारत क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र

1. विपिन एस. आचार्य
2. के.आर. चन्द्राने
3. ए.के. मोदी
4. प्रमोद एस. शाह

3.2 सरकारी नामिती

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उप-धारा (2) के खण्ड (ख) में केन्द्रीय सरकार को चार सदस्य मनोनीत करने की प्रदत्त शक्तियों के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने चौथी निर्वाचित परिषद की तीन वर्ष की 31 दिसम्बर 1994 तक की अवधि के लिये निम्नलिखित व्यक्तियों को मनोनीत किया :—

1. सुधा पिल्लई (1-1-1992 से)
2. सी. शिवशंकरन (27-1-1992 से)
3. जे. श्रीधरन (—वही—)

4. डी. पुरनैया (27-1-92 से)

3.3 परिषद का गठन

1 जनवरी, 1992 से नई परिषद का गठन यथावत हो गया है। इस तारीख से सभी निर्वाचित सदस्यों ने अपना पदभार संभाल लिया है और इस रिपोर्ट की तारीख तक वे पद पर बने रहे हैं।

3.4 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

1 जनवरी, 1992 को हुई बैठक में एन.जे.एन. वजीफदार ने अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। 1 जनवरी, 1992 से एक वर्ष के लिये पी.टी. रंगामणि अध्यक्ष और महेश शाह उपाध्यक्ष चुन लिये गये। परिषद 1991 के दौरान श्री एन.जे. एन. वजीफदार द्वारा इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में की गई मूल्यवान सेवाओं की सराहना करती है।

3.5 बैठकें

परिषद ने इस वर्ष में छः बैठकें रखीं।

3.6 समितियां आदि

परिषद ने तीन स्थायी और पांच अन्य समितियां गठित कीं। इसके अलावा परिषद ने अपनी सहायता के लिये विभिन्न विशेषज्ञ-ग्रुप और सलाहकार बोर्ड गठित किये। इनकी संरचना रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दी गई है।

4. क्षेत्रीय परिषदें और शाखाएं :

4.1 क्षेत्रीय परिषदें

तीन वर्ष के लिए गठित तीसरी निर्वाचित क्षेत्रीय परिषदों का कार्यकाल 31 दिसम्बर, 1991 को समाप्त हो गया। परिषद के चुनावों के साथ-साथ सभी चार क्षेत्रीय परिषदों के चौथे चुनाव 1991 की अंतिम तिमाही में हुए। 1 जनवरी, 1992 से तीन वर्ष के लिए तीन नई क्षेत्रीय परिषदें (पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद, उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद और दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद) यथावत गठित हो गईं, जबकि चौथी क्षेत्रीय परिषद (पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद) का गठन 7 जनवरी, 1992 से हुआ।

4.2 परिषद द्वारा अपने कार्यों में सहायता के लिए गठित चार क्षेत्रीय परिषदों में इस वर्ष सुचारू रूप से काम चलता रहा। इन परिषदों ने सम्मेलन, सेमिनार और बैठकें आयोजित कीं, विद्यार्थियों के लिए मौखिक शिक्षण और सचिवीय माड्यूलर परामर्श, नियमित रूप से समाचार बुलेटिनों के प्रकाशन तथा अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली शाखाओं को सहायता प्रदान करने जैसी सेवाओं को सम्पन्न किया। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं की गतिविधियां इनके 'न्यूज-लेटरों' और चार्टर्ड सेक्रेटरी में नियमित रूप से प्रकाशित होती रही हैं। 31 मार्च, 1992 को प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रीय परिषदों की आरक्षण निधि और अधिशेष तथा इनके सदस्यों और विद्यार्थियों की संख्या की स्थिति इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ख" में दी गई है।

4.3 शाखाएं

चार क्षेत्रीय परिषदों के क्षेत्राधिकार के अधीन गठित 34 शाखाओं ने विद्यार्थियों की शिक्षा और प्रशिक्षण तथा सदस्यों के व्यावसायिक विकास संबंधी स्थानीय गतिविधियां आयोजित कीं।

5. सदस्य :

5.1 सदस्यता

इस वर्ष 611 व्यक्तियों को एसोसिएट सदस्य और 246 एसोसिएट सदस्यों को फैलो सदस्यों के रूप में प्रवेश दिया गया। 31 मार्च, 1992 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 8307 सदस्य दर्ज थे, जिनमें 6394 एसोसिएट तथा 1943 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च, 1992 को विदेश में रहने वाले सदस्यों की संख्या 183 थी। समीक्षाधीन वर्ष में वार्षिक फीस की अदायगी न करने, मृत्यु अथवा त्यागपत्र देने के कारण 170 सदस्यों के नाम रजिस्टर में से काट दिए गए जिनमें 24 फैलो और 146 एसोसिएट सदस्य थे।

5.2 सदस्यों में वृद्धि

प्रति वर्ष सदस्यों की संख्या में वृद्धि और प्रेक्टिस प्रमाणधारी सदस्यों के बारे में आंकड़ों को परिशिष्ट 'ग' में दी गई है।

5.3 सदस्यों की सूची

नियम 161 के साथ पठनीय कम्पनी सचिव अधिनियम, 1981 (विनियम) की धारा 19 (3) के अनुसरण में 1 अप्रैल, 1992 को सदस्यों की एक पूरी सूची प्रकाशित कर दी गई है जो सदस्यों को उनके अनुरोध पर सप्लाई की जाएगी।

5.4 प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र

इस वर्ष 105 सदस्यों को प्रेक्टिस के लिए प्रमाण-पत्र जारी किए गए। 31 मार्च, 1992 को 1102 सदस्यों के पास प्रेक्टिस प्रमाणपत्र थे, जबकि 31 मार्च, 1991 को यह संख्या 1133 थी। 209 सदस्यों के प्रमाणपत्र वार्षिक फीस न देने, मृत्यु या अन्य कारणों से अयोग्य हो जाने के कारण रद्द कर दिए गए। जैसा कि पिछली रिपोर्ट में कहा था जून 1991 से ऐसे सदस्यों को प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र जारी करना बन्द कर दिया है जो नियोजन में हैं और जो सदस्य पहले ही नियोजन में हैं, 31 मार्च, 1992 के बाद उनके प्रेक्टिस प्रमाण-पत्रों का नवीकरण नहीं किया जाएगा, यदि वे नियोजन में बने रहते हैं।

5.5 व्यावसायिक कम्पनी सचिव की गाइड

इंस्टीट्यूट के प्रकाशन 'ए' गाइड टू कम्पनी सेक्रेटरी इन प्रेक्टिस का संशोधन किया गया और समीक्षाधीन वर्ष में एक नया संस्करण प्रकाशित किया

5.6 सदस्यों से संबंधित अनुशासनिक मामले

समीक्षाधीन वर्ष में सदस्यों के विरुद्ध कदाचार के आरोपों की शिकायतों की संख्या में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति देखने को मिली है। परिषद ने इन विभिन्न शिकायतों पर अपनी बैठकों में पर्याप्त समय तक विचार करने के बाद कुछ मामले जांच के लिए अनुशासनिक समिति को भेज दिए। परिषद ने सदस्यों द्वारा व्यवसाय से संबंधित या अन्य किसी प्रकार के कदाचार को बहुत गम्भीर माना है। परिषद ने यह भी तय किया कि सदस्यों से संबंधित सभी अनुशासनिक मामलों का संक्षिप्त ब्यौरा सदस्यों की सूचना के लिए मासिक पत्रिका 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' में प्रकाशित किया जाए।

6. व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम :

6.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने अपने सदस्यों के व्यावसायिक विकास के लिए प्रयास जारी रखे। छः कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका ब्यौरा इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "घ" में दिया गया है। इंस्टीट्यूट ने पी.एच.डी. चैम्बर आफ कामर्स, लघु उद्योग क्षेत्र के भावी वर्तमान उद्यमियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ भी अपने को सम्बद्ध किया।

6.2 कम्पनी सचिव का रेखाचित्र प्रस्तुत करने के लिए 30 मिनिट की अवधि की एक वीडियो फिल्म तैयार की गई है, जिसमें इस व्यवसाय की भूमिका, सुसंगतता और उपयोगिता को उजागर किया है ताकि भावी नियोक्ता/उपयोक्ता संगठन इससे लाभ उठा सकें। यह फिल्म कैरियर संबंधी परामर्श देने के लिए क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को भी भेजी गई हैं।

7. प्रकाशन :

7.1 चार्टर्ड सेक्रेटरी

पिछले 22 वर्षों से प्रकाशित हो रही इंस्टीट्यूट की प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' ने लगातार अपनी प्रतिष्ठा, गुणवत्ता और मुस्तैदी बनाए रखी। इसमें सरकारी अधिसूचनाएं, कानूनी निर्णयों और लेखों सहित आवश्यक सूचना दी जाती रही है। जून 1991 के अंक के साथ एक अनुपूरक अंक भी संलग्न किया गया, जिसका विषय था – कम्पनी विधि विनियम, 1991। सितम्बर 1991 का विशेषांक 1991–92 के केन्द्रीय बजट पर था। सितम्बर 1991 के अंक में ही अनुपूरक सामग्री के रूप में इंस्टीट्यूट की 11वीं वार्षिक रिपोर्ट (1990–91) भी प्रकाशित की गई।

7.2 मार्गदर्शी नोट्स

तेजी से बदलते जा रहे आर्थिक दृश्य के परिप्रेक्ष्य में किसी भी व्यवसाय को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए यह अत्यंत अनिवार्य है कि वह अपने क्षेत्र का ज्ञान अद्यतन रखे और निरन्तर हर संभव प्रयास रहे कि निरन्तर बढ़ती हुई मांग के साथ उसकी कुशाग्र बुद्धि तदनुरूप बन सके। कम्पनी सचिव के व्यवसाय को निगम जगत में महत्वपूर्ण स्थान बनाए रखने के साथ यह प्रयास भी सदैव किया गया है कि सदस्य इस व्यवसाय के आचरण और नैतिकताओं के उच्चतम मानकों को अपनाएं। कम्पनी सचिवों द्वारा अपने व्यावसायिक उत्तरदायित्वों को प्रभावकारी ढंग से निभाने के लिए इंस्टीट्यूट मार्गदर्शी नोट्स प्रकाशित करता रहा है। समीक्षाधीन वर्ष में निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शी नोट्स प्रकाशित किए गए :

(क) सचिवीय लेखापरीक्षा

(ख) कम्पनी रजिस्ट्रार के पास दाखिल किए जाने वाले दस्तावेजों का पूर्व प्रमाणीकरण।

7.3 ब्रोशर्स

कुछ क्षेत्रों में कम्पनी सचिव को आज भी केवल 'कम्पनी विधि सचिव' समझा जाता है। अतः निगम क्षेत्र में कम्पनी सचिव की उन अनेक और व्यापक सेवाओं के और अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता महसूस की गई है जो एक व्यवसायरत कम्पनी सचिव अपनी सेवाएं दे सकता है, आवश्यक है कि छोटे उद्यमियों को उनके संगठन के कामकाज के प्रबन्ध में कम्पनी सचिव की उपयोगिता तथा विभिन्न कानूनी उपबन्धों की अपेक्षाओं के अनुपालन में उसकी उपयोगिता की जानकारी उन्हें मालूम हो। इस दृष्टि से कम्पनी सचिव की भूमिका के बारे में दो ब्रोशरों को अंतिम रूप दिया जा रहा है :

(क) "प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव"—इसमें निगम प्रबंध सरकारी और सामान्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसे क्षेत्र, उन नये कम्पनी सचिव की सेवाओं का प्रभावकारी रूप से उपयोग किया जा सकता है, की जानकारी देने का लक्ष्य है।

(ख) "लघु और अतिलघु क्षेत्र के लिए कम्पनी सचिव" इसमें लघु और अति लघु क्षेत्र में उन सेवाओं का विवरण होगा जो कम्पनी सचिव दे सकता है।

7.4 कम्पनी सचिवीय प्रेक्टिस की हस्तपुस्तिका खुले पन्नों वाली कम्पनी सेक्रेटरीज हैण्डबुक का कार्य चल रहा है; इसमें मूल विधि और व्यावहारिक टिप्पणियां दोनों को शामिल करने का इरादा है तथा यह कम्पनी लॉ के विभिन्न पहलुओं और उद्योग (विकास और विनियम) अधिनियम, पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम; प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम; विदेशी मुद्रा अधिनियम; आयकर अधिनियम और एम आर टी पी अधिनियम के संबंधित प्रावधानों पर एक प्रामाणिक संदर्भ हस्तपुस्तिका का काम करेगी। किन्तु सरकार द्वारा उदारीकरण की नीति के फलस्वरूप हाल में ही अनेक संशोधन हुए और अभी बहुत से संशोधन हो रहे हैं; इस कारण फिलहाल मेनुअल के प्रकाशन को अन्तिम रूप देने का काम मुल्तवी कर दिया है।

7.5 निवेशक मार्गदर्शी माला

पूंजी बाजार की जटिलताओं को न समझने वाली निवेशक और निवेशक के अधिकार तथा किसी प्रकार की शिकायत होने पर उपलब्ध उपचार आदि के बारे में सामान्य निवेशक को शिक्षित करने के अपने लगातार प्रयासों के इंस्टीट्यूट ने इस वर्ष एक तीसरी पुस्तक "इंवेस्टमेंट डिसीजन मेकिंग वाइ ए ले इन्वेस्टर" प्रकाशित की है। इन पुस्तिकाओं की महत्ता और अधिक से अधिक निवेशकों के वर्गों को इन्हें उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव है कि इनका अनुवाद क्षेत्रीय भाषाओं में कराया जाए। इस बारे में कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है और निम्नलिखित तीनों पुस्तकों को गुजराती और हिन्दी में अनुवाद के लिए अद्यतन और संशोधित किया जा रहा है :

(क) लॉ एंड प्रोसीजर फार ट्रांसफर ऑफ शेयर्स लिस्टेड आन ए रिकोग्नाइज्ड स्टाक एक्सचेंज;

(ख) लॉ एंड प्रोसीजर फार कम्पलसरी रिपेमेण्ट आफ कम्पनी डिपाजिट्स; और

(ग) इन्वेस्टमेंट डिसीजन मेकिंग वाइ ए ले इन्वेस्टर।

निवेशक शिक्षा माला के अन्तर्गत कुछ अन्य क्षेत्रों में भी पुस्तकें प्रकाशित करने का प्रस्ताव है---जैसे प्रत्याभूतियों का सार्वजनिक निर्गमन, पूंजी बाजार, म्युचुअल फंड आदि।

7.6 अन्य प्रकाशन

इस समय अध्ययन, अनुसंधान और प्रकाशन निदेशालय "लेखा परीक्षकों की अर्हताएं तथा निदेशकों की रिपोर्टों में उनके उत्तर" विषय पर अनुसंधान अध्ययन को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। यह अध्ययन बड़े व्यापक रूप में किया गया है तथा इसमें विभिन्न वर्गों के निवेशकों, व्यावसायियों और वित्तीय विशेषज्ञों की टिप्पणियां समाविष्ट की हैं तथा अनुसंधान अध्ययन की सिफारिशों में सुझाव भी शामिल किए गए ताकि लेखापरीक्षकों की अर्हताओं से संबंधित उपबन्धों का प्रकटन और अनुपालन बेहतर ढंग से सुनिश्चित हो सके।

8. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप :

कम्पनी विधि, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, प्रत्याभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, विदेशी मुद्रा विनिमय अधिनियम और पूंजी निर्गमन (नियंत्रण) अधिनियम संबंधी जटिल समस्याओं पर सदस्यों को विशेष सलाह प्रदान करने के लिए भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पी.एन. भगवती की अध्यक्षता में पहले गठित विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप ने इस वर्ष अपना कार्य करना जारी रखा।

9. विशेषज्ञों का कोर ग्रुप :

9.1 इस वर्ष सरकार स्टाक एक्सचेंजों, सरकार तथा अन्य संस्थाओं द्वारा गठित समिति अध्ययन समूहों से उनकी टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए कम्पनी विधि, आई डी आर ए, एस सी आर ए, एम आर टी पी, एफ ई आर ए और सी आई सी ए में विशेषज्ञों के एक कोर ग्रुप का गठन किया गया। क्षेत्रीय स्तरों पर सदस्य/विशेषज्ञों का टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय उप-समूह भी गठित किए गए हैं। क्षेत्रीय उप-समूहों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर और इंस्टीट्यूट के मुख्यालय में हुई कोर ग्रुप की बैठकों से उभरी आम सहमति के आधार पर विभिन्न निकायों को भेजे गए अभ्यावेदन/टिप्पणियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है।

9.2 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियों/सुझावों/अभ्यावेदनों को अन्तिम रूप देने के लिए बैठकें बुलाई गई :

(क) पूंजी निर्गमनों के नियंत्रक द्वारा जारी वर्तमान मार्गनिर्देश--तिवारी समिति को प्रस्तुत।

(ख) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का वर्तमान ढांचा---डा. राजा जे. चेलिया की अध्यक्षता में कर सुधार समिति को प्रस्तुत।

(ग) अन्तर्राज्यी व्यापार विनियमों पर एस ई बी आई का ड्राफ्ट पेपर।

(घ) कम्पनियों के लिए प्रायोगिक तौर पर लेखापरीक्षा शुरू करने के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय का प्रस्ताव--पर्यावरण और वन मंत्रालय को प्रस्तुत।

(ङ) कम्पनी आवेदनों का संयोजन--कम्पनी मामलों के विभाग को प्रस्तुत।

(च) निर्गमन और प्रत्याभूति अन्तरण एजेंटों के रजिस्ट्रारों के विनियमों पर एस ई बी आई का परामर्शक पेपर।

(छ) कम्पनी रजिस्ट्रार के पास दाखिल की जाने वाली विभिन्न विवरणियों की आवश्यकता कमी।

(ज) कम्पनी अधिनियम की अनुसूची 'एक' में एकबारगी वार्षिक शुल्क का निर्धारण।

(झ) वित्त मंत्रालय को पूर्व बजट ज्ञापन भी प्रस्तुत किया गया।

10. व्यवसाय को प्राप्त सुविधाएं :

इस वर्ष कम्पनी मामलों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं प्राप्त की गई हैं :

(क) गुजरात औद्योगिक निवेश निगम लि., अहमदाबाद से सहायता प्राप्त करने वाली कम्पनियों की सचिवीय लेखा परीक्षा, जो ऐसी सभी कम्पनियों के लिए होगी, जहां पूर्वकालिक कम्पनी सचिव नहीं है।

(ख) अरुणाचल प्रदेश औद्योगिक विकास और वित्त निगम लि., नाहरलागुन से सहायता प्राप्त करने वाली सभी कम्पनियों की वार्षिक आधार पर सचिवीय लेखा परीक्षा।

(ग) निम्नलिखित का प्रमाणीकरण---करार करने के बारे में निदेशकों की शक्तियां, धारा 293(1)(घ)

के अधीन किसी कम्पनी की उधार लेने की सीमाएं, सदस्यों की सूची, पूंजी निर्गमन (छूट) आदेश, 1969 के अधीन प्रस्तावित उधार की छूट और अरुणाचल प्रदेश औद्योगिक विकास और वित्त निगम लि., नाहरलागुन द्वारा वित्तीय संस्थानों को प्रस्तुत किए जाने वाले संकल्पों की प्रतियां ।

(घ) बैंक आफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, भारत ओवरसीज बैंक लि., इण्डियन ओवरसीज बैंक, कार्पोरेशन बैंक, बैंक आफ मैसूर, आन्ध्रा बैंक तथा स्टेट बैंक आफ इन्दौर सहित राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा प्रभारों से संबंधित दस्तावेजों के प्रमाणीकरण के लिए नियत ।

(ङ) विनिमय नियंत्रण विनियमों के अधीन कतिपय आवेदनों के समर्थन में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित प्रयोजनों के लिए विनिमय नियंत्रण के प्रमाण-पत्र जारी करना ।

(च) अलगप्पा विश्वविद्यालय, कराइकुडी ने कम्पनी सचिव, कामर्स और बैंक प्रबंध के विषयों में पी एच डी करने के लिए कम्पनी सचिव अर्हता को स्नातकोत्तर अर्हता के रूप में मान्यता दे दी है ।

11. रोजगार के अवसर :

इंस्टीट्यूट, चैम्बर्स आफ कामर्स, ब्यूरो आफ पब्लिक एंटरप्राइजेज और अन्य संस्थाओं के माध्यम से अपने सदस्यों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका का प्रचार करने का अपना प्रयास जारी रखा है। इंस्टीट्यूट बैंकिंग विभाग के साथ भी अपना प्रयास जारी रख रही है। इंस्टीट्यूट, इसकी क्षेत्रीय परिषदें और शाखाएं रोजगार सेवा योजना के अंतर्गत कम्पनियों को नौकरी के लिए सदस्यों की सूची भेज कर रोजगार सेवाएं प्रदान करने का काम जारी रखा हैं। इस वर्ष इंस्टीट्यूट द्वारा रोजगार सेवा योजना के अन्तर्गत रखी गई उम्मीदवारों की सूची में से 78 कम्पनियों ने उपयुक्त उम्मीदवारों की सूची प्राप्त करने की सुविधा का लाभ उठाया। इन कम्पनियों को चार्टर्ड सेक्रेटरी में विज्ञापन देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, ताकि उन्हें और अधिक उम्मीदवारों की सूची मिल सके।

12. बीसवां राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन :

परिषद ने निर्णय लिया है कि प्रतिवर्ष अक्तूबर/नवंबर में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाए। तदनुसार इस वर्ष 12 से 15 नवम्बर, 1992 तक बीसवां राष्ट्रीय सम्मेलन कलकत्ता में होगा। इस वर्ष इंस्टीट्यूट रजत जयन्ती वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अतः यह आयोजन इसके अनुरूप समुचित ढंग से किया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन के समय साथ ही निगम सचिवों का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव है।

13. कम्पनी अधिनियम का पुनः संहिताकरण :

13.1 जैसाकि पिछली रिपोर्ट में कहा था, इंस्टीट्यूट ने 14 अप्रैल, 1991 को कम्पनी अधिनियम, 1956 के पुनः संहिताकरण के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया। बाद में कम्पनी मामलों के विभाग के विचारार्थ और आगे आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कार्यशाला की रिपोर्ट उसे प्रस्तुत की गई। कार्यशाला में सिफारिश की गई कि "प्रबन्धकीय पारिश्रमिक' और 'अन्तर-निगम ऋण तथा निवेश' विषयों पर कम्पनी अधिनियम के उपबन्धों की समीक्षा के लिए इंस्टीट्यूट के दो उप-समूह गठित किए जाएं। इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ सदस्यों तथा कम्पनी कार्यों के विभाग के अधिकारियों के इन समूहों ने कम्पनी अधिनियम के उपबन्धों को युक्तियुक्त और सरल बनाने के वास्ते प्राप्त विभिन्न सुझावों को ध्यान में रखते हुए इन उपबन्धों की गहराई से जांच की। समीक्षाधीन वर्ष में कम्पनी मामलों के विभाग द्वारा विचार करने के लिए उपसमूहों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

13.2 कार्यशाला में उभर कर आई आम सहमति के आधार पर इंस्टीट्यूट ने निम्नलिखित के बारे में एक व्यापक टिप्पणी भी प्रस्तुत की है : (i) निगम प्रबन्ध में कार्य कर रहे व्यवसायियों की भूमिका को प्रोत्साहन देने के लिए अपेक्षित संशोधन; (ii) धारा 383 (1-क) के अधीन सीमा का निर्धारण, (iii) धारा 383 (1क) के अधीन प्रशासनिक मार्गदर्शन तैयार करना, और (iv) छोटी कम्पनियों के लिए पूर्णकालिक सचिव द्वारा सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट आरम्भ करना।

14. परिप्रेक्ष्य योजना :

परिप्रेक्ष्य योजना ग्रुप की रिपोर्ट में दिए गए अल्पकालीन उपायों के कार्यान्वयन के लिए विचार करने तथा कार्य-योजना तैयार करने के लिए इंस्टीट्यूट के सचिव-व-कार्यकारी निदेशक, निदेशकों, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की एक उप समिति गठित की गई है। परिषद और अन्य समितियां नियत काज पर समय-समय पर इस कार्य योजना का मानीटर कार्य करेगी। परिप्रेक्ष्य योजना के अधीन क्षेत्रीय परिषदों से संबंधित मदों का क्षेत्रीय/स्थानीय स्तर पर कार्यान्वयन करने के लिए उन्हें भेज दिया है।

15. सदस्यता पश्च अर्हता पाठ्यक्रम :

परिषद् द्वारा अनुमोदित सदस्यता पश्च अर्हता पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए ड्राफ्ट विनियमों को सरकार के अनुमोदन के लिए भेज दिया है। सरकार द्वारा इस बारे में और मांगी गई सूचना भेजी जा रही है। सदस्यता पश्च अर्हता पाठ्यक्रम के अनुमोदन के बाद सदस्यों का निर्धारित अनुभव की सुविधा का प्रस्ताव किया जाएगा।

16. पाठ्य विवरण समीक्षा समिति

1 जनवरी, 1991 को परिषद द्वारा गठित पाठ्य विवरण समीक्षा समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है, जिसमें कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम की पाठ्यक्रम ... को युक्तियुक्त बनाने तथा 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के परन्तु बाद विद्यार्थियों को इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम में उन्हें आकर्षित करने के लिए आधार पाठ्यक्रम को शुरू किया जाए। परिषद ने समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है और इन सिफारिशों को लागू करने के लिए विनियमों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। विनियमों को शीघ्र ही सरकार को भेजने का प्रस्ताव है।

17. अधिनियम और विनियमों में संशोधन

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 और कम्पनी सचिव विनियम, 1982 में जो कुछ संशोधन आवश्यक समझे गए, जिसके लिए परिषद ने 1990-91 में विनियम समिति नियुक्त की; इस समिति ने अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कर दी हैं ताकि इन्हें सरकार के पास अनुमोदन के लिए भेजने से पूर्व परिषद उन पर विचार कर ले। यह भी प्रस्ताव है कि सरकार से इंस्टीट्यूट का नाम बदल कर 'दि इंस्टीट्यूट आफ कार्पोरेट सैक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स आफ इण्डिया' रखने को कहा जाए ताकि निगम-जगत में कम्पनी सचिवों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका ठीक ढंग से प्रतिष्ठापित हो।

18. विद्यार्थी सेवाएं

18.1 विद्यार्थियों का पंजीकरण

रिपोर्टाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट द्वारा 13,613 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए जबकि पिछले वर्ष 12,161 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। इस वर्ष के अन्त में वर्तमान पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 55,442 थी, जिसमें विनियम 21 (3) के अधीन बढ़ाए गए रजिस्ट्रेशन भी शामिल हैं। पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या तथा जिन्होंने इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं, उनके बारे में आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' में दिया गया है।

18.2 शिक्षण

इस वर्ष पंजीकृत सभी विद्यार्थियों के नाम डाक द्वारा शिक्षण के लिए दर्ज किये गये। इस वर्ष कुल 11,142 शिक्षण समापन प्रमाणपत्र जारी किए गए और 96,105 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया और विद्यार्थियों को वापस भेजी गई।

18.3 अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना

इस वर्ष सभी प्रमुख विषयों की अध्ययन सामग्री को संशोधित करने का काम पूरा किया गया। इस वर्ष कम्पनी विधि और पद्धति-I, कम्पनी विधि और पद्धति-II, आर्थिक तथा अन्य विधान तथा उच्च सचिवीय पद्धति विषयों में से प्रत्येक विषय पर एक एक, चार पूरक पत्र प्रकाशित किए गए। जिन विषयों के परीक्षण पत्रों में संशोधन करना था, उन्हें संशोधित किया गया और उनके सुझाए गए उत्तर प्रकाशित किए गए।

18.4 हिंदी में अध्ययन सामग्री

1990-91 में इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के कम्पनी विधि और पद्धति-II की अध्ययन सामग्री को हिन्दी में प्रकाशित कर एक शुरुआत की गई है। प्रयास किए जा रहे हैं कि धीरे-धीरे मार्गनिर्देशी उत्तरों और सुझाए गए उत्तरों सहित अन्य अध्ययन सामग्री भी हिन्दी में प्रकाशित कर दी जाए। अनुवाद के कार्य के लिए केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली की सहायता ली जा रही है।

18.5 मार्गदर्शी उत्तर तथा विषय-क्रम में प्रश्नों की तैयारी

विद्यार्थियों के लाभ के लिए दिसम्बर, 1991 की परीक्षाओं के मार्गदर्शी उत्तर पुस्-क्रम में प्रकाशित किए गए। इस वर्ष इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के सभी विषयों पर विषय-क्रम के प्रश्न भी प्रकाशित कर दिए गए हैं।

18.6 मौखिक शिक्षण केन्द्रों की स्थापना

इस वर्ष तीन मौखिक शिक्षण केन्द्र नासिक, रूड़केला और कालीकट में खोले गए, इस प्रकार समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट द्वारा मान्यताप्राप्त 32 मौखिक शिक्षण केन्द्र चल रहे थे।

18.7 स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लाभ के लिए स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम विधि सम्बन्धी संशोधनों की जानकारी देते हुए उनके अध्ययन को अद्यतन बनाना और विद्यार्थी सेवाओं की प्रशासन तथा प्रेक्टिकल प्रशिक्षण आवश्यकताओं के सम्बन्ध में सूचना प्रदान करना है।

18.8 आडियो टेपों पर लेक्चर

निम्नलिखित विषयों पर तीन और ओडियो टेप तैयार की गई जिन्हें विद्यार्थियों और सदस्यों को रियायती दर पर बेचा जा रहा है;

(i) माडवेट (केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधीन निविष्ट शुल्क राहत योजना);

(ii) व्यापार चिह्न विधि-I के कुछ महत्वपूर्ण पहलू; और

(iii) पेटेण्ट अधिनियम, 1970 पर एक विहंगम समीक्षा

इन सभी का अलग-अलग लिप्यंतरण भी प्रकाशित किया गया है, जिनमें केसों और सुसंगत कानूनी उपबन्धों को भी दिया गया है। इन प्रकाशनों दोनों के सम्बन्ध में विद्यार्थियों तथा सदस्यों की ओर उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया मिली है ।

18.9 पुस्तकालय सुविधाएं

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट के पुस्तकालय और शाखा पुस्तकालय सहायता योजना के अधीन 68,744.65 रुपए की पुस्तकें खरीदी गईं । अब सभी शाखाओं के पास अपने-अपने पुस्तकालय हैं। जहां शाखाएं नहीं हैं, परन्तु कम से कम 100 विद्यार्थी और 10 सदस्य हैं, वहां ऐसे स्थानों में आवश्यकताएं पूरी करने के लिए गुड़गांव, अम्बाला और नासिक, कालीकट और गंजम में "अनुषंगी पुस्तकालय" स्थापित किए गए हैं। इंस्टीट्यूट के चार क्षेत्रीय कार्यालयों में एक डाक पुस्तकालय योजना के दो चरणों में कार्यान्वित की गई है। प्रथम चरण में केवल फाइनल स्तर के उन विद्यार्थियों को यह सुविधा दी गई है जिनके लिए उनके निवास या व्यवसाय के स्थान के 100 कि. मी. के दायरे में इंस्टीट्यूट के पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। चरण में इण्टरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें देने की सुविधा का कार्यान्वयन प्रथम चरण की कार्य-पद्धति की जांच करने और इस योजना की व्यावहारिकता का मूल्यांकन करने के बाद ही किया जाएगा ।

18.10 मुख्यालय का पुस्तकालय

इंस्टीट्यूट ने अनुसंधान और संदर्भ प्रयोजन के लिए अपने मुख्यालय में भी एक पुस्तकालय बनाया है ।

19. कैरियर परामर्श कार्यक्रम

इंस्टीट्यूट द्वारा इस वर्ष सीधे तथा अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के जरिए कई कैरियर परामर्श कार्य-क्रम आयोजित किए । कम्पनी सेक्रेटरीशिप पाठ्यक्रम के बारे में कैरियर परामर्श के लिए प्रदर्शनी-सामग्री, चार्टों, पोस्टरों, ब्रोशरों और ट्रांसपेरेंसियों को उपयोग में लाया गया जिससे कालेज के विद्यार्थियों में इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता पैदा हो । आकाशवाणी से प्रसारण के अलावा कई समाचार पत्रों और व्यावसायिक पत्रिकाओं में लेख और प्रबन्ध भी प्रकाशित किए गए । पाठ्यक्रम के बारे में आवश्यक सूचना देश भर में सभी विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शी ब्यूरो को भी दी गई । कम्पनी सचिवों के व्यवसाय के बारे में दूरदराज तक के क्षेत्रों में और अधिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ये प्रयास किए गए । कालेज में अध्ययन कर रहे नवयुवकों में कंम्पनी सेक्रेटरीशिप पाठ्यक्रम अध्ययन करने के बाद भावी सम्भावनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए लायन और रोटरी क्लबों से भी सम्पर्क किया गया और उनके सहयोग से कुछ स्थानों पर बैठकें आयोजित की ताकि इन क्लबों के सदस्य और उनके बच्चे इन भावी संभावनाओं से परिचित हो जाएं ।

20. परीक्षाएं

20.1 परीक्षाओं का आयोजन

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट ने जून और दिसम्बर 1991 में सम्पूर्ण भारत में 36 केन्द्रों में तथा एक केन्द्र दुबई में कम्पनी सचिव की परीक्षाएं आयोजित कीं । दिसम्बर 1991 के सत्र से जोधपुर केन्द्र को प्रयोग के तौर पर फिर से खोल दिया गया । जून 1991 में, इंटरमीडिएट परीक्षा में 384 और फाइनल परीक्षा में 168 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की जबकि दिसम्बर 1991 में ऐसे परीक्षार्थियों की संख्या क्रमश: 517 और 281 रही ।

20.2 जून और दिसम्बर 1991 की परीक्षाओं में कितने परीक्षार्थी बैठे और उत्तीर्ण हुए, उनसे सम्बन्धित आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'च' में दिए गए हैं ।

20.3 परीक्षाओं में हिन्दी माध्यम

कम्पनी सचिव परीक्षाओं में हिंदी के प्रगामी प्रयोग की नीति की परिषद की कटिबद्धता के अनुसरण में इंस्टीट्यट ने अपनी सभी परीक्षाओं के लिए हिन्दी के उपयोग को वैकल्पिक माध्यम के रूप में अनुमति दे दी है। प्रॉलीमिनरी के परीक्षा तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप-I के विषयों के प्रश्न पत्र अंग्रेजी के अलावा हिन्दी में भी मुद्रित किए गए।

20.4 अखिल भारतीय पुरस्कार

जून और दिसम्बर 1991 में हुई फाइनल परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए दोनों प्रेजीडेण्ट स्वर्ण मेडल उत्तरी क्षेत्र के श्री मनोज जैन और श्री आशीष गुप्ता ने जीते । पं. नेहरू जन्म शताब्दी का वार्षिक पुरस्कार उत्तरी क्षेत्र के श्री राजीव अरोड़ा ने प्राप्त किया । जून तथा दिसम्बर 1991 में हुई इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में प्रतिभाशाली प्रदर्शन के लिए दोनों प्रेजीडेण्ट रजत मेडल क्रमश: पूर्वी क्षेत्र के श्री नवीन कुमार परसुराम का और संजय गुप्ता ने जीते।

20.5 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता

वर्तमान योग्यता (मेरिट) छात्रवृत्ति योजना के अनुसार जून 1991 और दिसम्बर 1991 परीक्षाओं के प्रत्येक सत्र में योग्य पाए गए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दस छात्र-वृत्तियां दी गई । इसी प्रकार योग्यता व वित्तीय सहायता योजना के अन्तर्गत दिसम्बर 1990 और जून 1991 की परीक्षा में योग्य पाए गए परीक्षार्थियों को वित्तीय सहायता मंजूर की ।

20.6 योग्यता प्रमाण पत्र

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की योग्यता को मान्यता प्रदान करने और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए जून तथा दिसम्बर,

1991 में हुई इण्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाओं में प्रथम दस रैंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए ।

21. प्रबंध/प्रेक्टिकल/प्रशिक्षु प्रशिक्षण :

21.1 सूचीकरण

समीक्षाधीन वर्ष में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मान्यता प्राप्त कम्पनियों की संख्या इस प्रकार थी :

क्षेत्र	प्रबन्ध प्रशिक्षण	प्रेक्टिकल प्रशिक्षण
पूर्व	7	7
उत्तर	29	28
दक्षिण	9	20
पश्चिम	20	23
कुल	65	78

इसके अलावा पूर्णकालिक प्रेक्टिस कर रहे 24 कम्पनी सचिवों को प्रशिक्षु प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत किया गया । प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दर्ज की गई कम्पनियों और कम्पनी सचिवों की कुल संख्या तथा विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रायोजित विद्यार्थियों की संख्या इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'छ' में दी गई है ।

21.2 प्रशिक्षण को मानीटर करना और मजबूत बनाना

इस वर्ष मुख्यालय और क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं ने प्रबंध/प्रेक्टिकल प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत कम्पनियों में वृद्धि करने के लिए प्रयास जारी रखा गया । इस समय जितनी मान्यताप्राप्त वर्तमान कम्पनियां तथा व्यवसायरत कम्पनी सचिव हैं; उनके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकताओं को पूरा करना सम्भव है ।

21.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान 17 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से तीन-तीन कार्यक्रम दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद, उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद और पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद ने और दो-दो पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् तथा बंगलौर शाखा ने आयोजित किए । हैदराबाद, चण्डीगढ़, पुणे, और अहमदाबाद शाखाओं ने एक-एक कार्यक्रम आयोजित किया; इन सब में कुल 506 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

इस वर्ष के दौरान सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम के चार माड्यूलरों/पाठ्यक्रमों की सामग्री संशोधित और पुनर्मुद्रित की गई, इसमें विभिन्न विधायी परिवर्तनों और पहले के कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से प्राप्त सामग्री पर विचार किया गया । केस अध्ययन, समूह-चर्चा, श्रव्य-दृश्य साधनों के उपयोग, स्टाक एक्सचेंजों, सरकारी विभागों, ई डी पी केन्द्रों और ए जी एम केन्द्रों में जाकर सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया ।

22. लेखे

22.1 आय और व्यय लेखा

इस वर्ष के आय और व्यय लेखे के वित्तीय परिणाम देखने से पता चलता है कि इस वर्ष 1.74 लाख रुपए का अधिशेष रहा जबकि पिछले वर्ष यह अधिशेष 8.18 लाख रुपए का था । अधिशेष में कमी आने का मुख्य कारण आय की स्थिरता और प्रतिवर्ष मुद्रा स्फीति की प्रवृत्ति की वजह से बढ़ता जा रहा व्यय है ।

22.2 शुल्क का पूंजीकरण

वर्तमान प्रचलित पद्धति के अनुसार एसोसिएट और फैलो सदस्यों से प्राप्त 2.33 लाख रुपए के प्रवेश शुल्क को पूंजीकृत कर दिया है । वर्ष के अंत में पूंजीकृत रिजर्व राशि 26.91 लाख है, जो पिछले वर्ष 24.58 लाख रुपए थी ।

22.3 भवन रिजर्व

वर्तमान पद्धति के अनुसार भवन निर्माण के लिए सावधि जमा राशि पर अर्जित ब्याज के कारण 0.69 लाख रुपए की राशि को सीधे भवन रिजर्व निधि में विनियोजित कर दिया है । आई सी एस आई—एन आई आर सी और शाखाओं के भवन के निर्माण के लिए 5.11 लाख रुपए की पूंजीगत अदायगी को भवन रिजर्व से सामान्य रिजर्व खाते में अंतरित कर दिया है । पिछले वर्ष के कुल 9.76 लाख रुपए की तुलना में भवन रिजर्व की कुल राशि 3.76 लाख रुपए है ।

22.4 सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष जो सामान्य रिजर्व की 203.48 लाख रुपए की कुल राशि बढ़ कर 229.07 लाख रुपए हो गई है । इस राशि में रिपोर्टाधीन के लिए व्यय से अधिक आय का 1.74 लाख रुपए का अधिशेष शामिल है ।

23. लेखापरीक्षक

कम्पनी सचिव अधिनियम की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना एण्ड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स, नई दिल्ली को 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के लेखों की लेखा-परीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की रिपोर्ट यहां प्रकाशित की गई है ।

24. भूमि और भवन

24.1 आई सी एस आई—उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद भवन

कुछ अपरिहार्य कारणों से जो निर्माण कार्य पहले रुक गया था, अब एक नए ठेके पर काम को देकर पुनः आरम्भ हो गया है । काम चल रहा है और आशा है कि 1993 के आरम्भ में यह पूरा हो जाएगा ।

24.2 जयपुर शाखा का भवन

जयपुर शाखा के भवन निर्माण का प्रथम चरण पूरा हो गया है और नए भवन का उद्घाटन माननीय संचार मंत्री राजेश पायलट ने 20 अक्तूबर 1991 को किया। अब शाखा की शैक्षिक शिक्षण की कक्षाओं को आयोजित करने समेत सभी गतिविधियां नए कार्यालय में की जा रही है ।

24.3 पुणे शाखा कार्यालय परिसर

पुणे शाखा के अपने परिसर का काम पूरा हो गया है और 10 फरवरी 1992 से इस परिसर में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं ।

24.4 गाजियाबाद शाखा कार्यालय परिसर

गाजियाबाद शाखा ने भी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से एक एम आई जी फ्लैट का कब्जा ले लिया है और नए परिसर में अपना कामकाज आरम्भ कर दिया है ।

24.5 गोआ शाखा कार्यालय परिसर

गोआ शाखा भी पणजी में नवनिर्मित फ्लैट का कब्जा लेने वाली है । आशा कब्जा लेने के बाद व्यावसायिक गतिविधियां तेज होंगी ।

24.6 इंस्टीट्यूट द्वारा पूंजीगत अनुदान और ऋण

परिषद ने इंस्टीट्यूट के सीमित साधनों में से क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं को अब तक 44.39 लाख रुपए का अनुदान और 22.07 लाख रुपए का ऋण दिया है, जिन्होंने 96.58 लाख रुपए के कार्यालय परिसरों का अधिग्रहण कर लिया है या अभिग्रहण की प्रक्रिया में है । शाखाओं ने अपनी भवन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए शेष राशि जुटाने के लिए अपनी व्यवस्था स्वयं की है या कर रही है । परिषद इन शाखाओं की सराहना करती है जिन्होंने अपने कार्यालय परिसरों के अधिग्रहण के लिए प्रयास किया है । इन शाखाओं को इन परिसरों के अनुरक्षण तथा सुसज्जित करने और आधुनिक कार्यालय उपस्कर प्राप्त करने के लिए भी अतिरिक्त साधन जुटाने होंगे, ताकि स्थानीय सदस्यों और विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएं दी जा सकें ।

25. कम्पनी सचिव हितकारी निधि

1976 में परिषद द्वारा सोसायटी के रूप में पंजीकृत की गई कम्पनी सचिव हितकारी निधि के अब 31 मार्च 1992 को 1165 आजीवन सदस्य हैं। निधि के उपनियमों में किए गए संशोधन के अनुसार सदस्य 500 रुपए का शुल्क देकर आजीवन सदस्य बन सकते हैं। निधि में पूंजीगत रिजर्व और सामान्य रिजर्व की राशि 31 मार्च 1992 को क्रमशः 5.12 लाख और 3.92 लाख रुपए है ।

26 कर्मचारी कल्याण उपाय

आई सी एम आई एम्पलाइज क्लब को 1973 में कल्याण के एक उपाय के रूप में बनाया गया था, जिसे इसकी गतिविधियों के लिए परिषद से वित्तीय सहायता दी गई । इस वर्ष के दौरान कर्मचारियों को स्कूटर खरीदने, मकान निर्माण आदि के लिए 2.33 लाख रुपए की पेशगियां मंजूर की गई । कर्मचारियों को उनके सहकारी बचत तथा ऋण सोसाइटी और सहकारी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में सहायता करने के अलावा परिषद ने आई सी एम आई कर्मचारी कल्याण निधि के संवर्धन में भी सहायता की, जिसके लिए पिछले छः वर्षों में हुए वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलनों की अतिशेष राशि में 10,000 रुपए का वार्षिक अनुदान दिया ।

27. आभार

परिषद केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों, विशेष रूप से कम्पनी कार्य विभाग के प्रति उनके द्वारा इस वर्ष व्यवसाय को मार्गदर्शन प्रदान करने और इंस्टीट्यूट की गतिविधियों में अपना समर्थन देने के लिए आभार प्रगट करती है। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में व्यवसाय के विकास में परिषद् के प्रयासों में पर्याप्त सहायता दी है। परिषद् विभिन्न राज्य सरकारों, वित्तीय और औद्योगिक तथा निवेशक संस्थानों, सामान्य रूप से निगम क्षेत्र और देश के विभिन्न चैम्बर्स आफ कामर्स का भी आभार प्रकट करती है, जिन्होंने इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवाएं लेने में और निगम विधि, वित्त, प्रबंध तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान की है। परिषद् क्षेत्रीय परिषद् और इनका शाखाओं तथा इंस्टीट्यूट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति अपनी गहन सराहना प्रस्तुत करती है, जिन्होंने इस रिपोर्टाधीन वर्ष में बड़ी निष्ठा से और कर्तव्य की भावना से काम किया ।

कृते इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज
आफ इंडिया की परिषद्
ह.
पी. टी. रंगामणि, अध्यक्ष

नई दिल्ली,
तारीख : 20 अगस्त, 1992

परिशिष्ट—क

स्थायी तथा अस्थायी समितियों तथा
सलाहकार बोर्ड/ग्रुपों का गठन

I स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

पी.टी. रंगामणि	अध्यक्ष
सुधा पिल्लई	सदस्य
यू.के. चौधरी	सदस्य

2. परीक्षा समिति

महेश शाह	अध्यक्ष
के.आर. चन्दात्रे	सदस्य
ए.के. मोदी	सदस्य

3. कार्यसमिति

पी.टी. रंगामणि	अध्यक्ष
महेश शाह	सदस्य
श्रीमती सुधा पिल्लई	सदस्य
प्रमोद एस. शाह	सदस्य
हरीश के. बैद	सदस्य

II. अस्थायी समितियां

4. व्यावसायिक विकास समिति

पी.टी. रंगामणि	अध्यक्ष
महेश शाह	सदस्य
बिपिन एस. आचार्य	सदस्य
यू.के. चौधरी	सदस्य
ए.के. मोदी	सदस्य
टी.वी. पद्मनाभन	सदस्य
प्रमोद एस शाह	सदस्य
हरीश के. बैद	सदस्य

5. प्रशिक्षण तथा शिक्षा-सुविधा समिति

महेश शाह	अध्यक्ष
बिपिन एस. आचार्य	सदस्य
के.आर. चन्दात्रे	सदस्य
ओ.पी. दानी	सदस्य
ए.के.मोदी	सदस्य
टी.वी. पद्मनाभन	सदस्य
एम.एस. राघवन	सदस्य

6. विनियम समिति

पी.टी. रंगामणि	अध्यक्ष
के.आर. चन्दात्रे	सदस्य
ओ.पी. दानी	सदस्य
एम.एस. राघवन	सदस्य
ए.के. सेन	सदस्य

7. समन्वय समिति

(आई सी ए आई और आई सी डब्ल्यू ए आई के साथ समन्वय के लिए)

पी. टी. रंगामणि	अध्यक्ष
महेश शाह	सदस्य
ओ.पी. दानी	सदस्य
ए.के. मोदी	सदस्य
ए.के. सेन	सदस्य
प्रमोद एस. शाह	सदस्य

8. आई सी एस आई—एन आई आर सी भवन निर्माण समिति

जे. श्रीधरन	अध्यक्ष
एन. के. जैन (अध्यक्ष, एन आई आर सी)	उपाध्यक्ष
बी.के. पोद्दार	सदस्य
यू.के. चौधरी	सदस्य
ओ.पी. दानी	सदस्य
हरीश के. बैद	सदस्य
टी.पी. सुब्बारामन	सदस्य
वीरेन्द्र गोडा (उपाध्यक्ष एन आई आर सी)	सदस्य
आर. राजगोपालन (सचिव, एन आई आर सी)	सदस्य
अशोक हलदिया (कोषाध्यक्ष, एन आई आर सी)	सदस्य
सुनील गोयल	सदस्य
एच. एम. ग्रोवर	सदस्य
परमजीत सिंह	सदस्य
एन.के. अग्रवाल	समिति-सचिव

III. सलाहकार बोर्ड/ग्रुप

9. सम्पादकीय सलाहकार बोर्ड

टी.एन. पाण्डे	अध्यक्ष
बिपिन एस. आचार्य	सदस्य
एन.पी. अस्थाना	सदस्य
एस. बालसुब्रह्मण्यन	सदस्य
एस. भवानी (श्रीमति)	सदस्य
यू.के. चौधरी	सदस्य
डी.सी. जैन	सदस्य
टी.एस. कृष्णामूर्ति	सदस्य
टी.वी. नारायणस्वामी	सदस्य
टी.पी. सुब्बारमन (सम्पादक व प्रकाशक)	सदस्य

10. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप

जस्टिस पी. एन. भगवती (सेवा निवृत्त)	अध्यक्ष
आर.एन. बंसल	सदस्य
प्रदीप भल्ला	सदस्य
बी.पी. गोयल	सदस्य
एस. एस. कुमार	सदस्य
एम. आर. लूथरा	सदस्य
टी.वी. नारायणस्वामी	सदस्य

परिशिष्ट 'ख'

क्षेत्रीय परिषदों की वित्तीय स्थिति और विद्यार्थियों तथा सदस्यों की संख्या

	क्षेत्रीय परिषदें			
	पूर्वी भारत क्षे.प.	उत्तरी भारत क्षे.प.	दक्षिणी भारत क्षे.प.	पश्चिमी भारत क्षे.प.
(क) वित्तीय स्थिति वर्ष 31-3-92 में अधिशेष	28,917	2,05,695	55,077	1,26,295
31-3-92 को रिजर्व और अधिशेष	6,08,947	11,83,513	9,94,225	7,13,495
(ख) विद्यार्थियों और सदस्यों की संख्या :				
विद्यार्थी :				
31-3-1992 को	10,907	15,014	15,783	13,681
31-3-1991 को	9,903	14,250	13,962	12,696
सदस्य :				
31-3-1992 को	1,182	2,034	3,125	2,966
31-3-1991 को	1,154	1,878	1,998	2,813

परिशिष्ट 'ग'

सदस्यों की वृद्धि

वर्ष	कुल संख्या			पिछले वर्ष की तुलना में वार्षिक वृद्धि	
	एसोसिएट सदस्य	फैलो सदस्य	कुल (2+3)	सकल	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
(क) 1986-87	4648(78.25)	1292(21.75)	5940(100)	335	5.98
1987-88	4947(78.09)	1388(21.91)	6335(100)	395	6.65
1988-89	5179(77.66)	1490(22.34)	6669(100)	334	5.27
1989-90	5657(77.95)	1600(22.05)	7257(100)	588	8.81
1990-91	6095(77.91)	1728(22.09)	7823(100)	566	7.79
1991-92	6364(76.61)	1943(23.09)	8307(100)	484	5.92
(ख) 1986-87 से 1991-92 तक सकल परिवर्तन	1716(72.40)	651(27.51)	2367(100)	--	--
(ग) 1986-87 से 1991-92 तक प्रतिशत परिवर्तन	36.92	50.38	39.84	--	--
(घ) औसत वार्षिक वृद्धि दर प्रतिशत (3)	7.38	10.07	7.97	--	--

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशत में ।

भाग-I

रजिस्टर में से निकाले गए			कुल सदस्यों में से निकाले सदस्यों का प्रतिशत	प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र धारकों की संख्या	कुल सदस्यों में से प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र धारकों का प्रतिशत
भुगतान न करने के कारण	मृत्यु के कारण	कुल (7+8)			
7	8	9	10	11	12
68(82.92)	14(17.08)	82(100)	1.38	879	14.80
76(86.36)	12(13.64)	88(100)	1.39	1065	16.81
196(92.02)	17(7.98)	213(100)	3.19	1192	17.87
100(91.74)	09(8.26)	109(100)	1.50	1225	16.88
116(89.92)	13(10.08)	129(100)	1.64	1188	15.19
154(90.58)	16(9.42)	170(100)	2.05	1102	13.26
		86			
		107.3			
		21.46			

टिप्पणी : --कोष्ठक में दिए आकड़े प्रतिशत में हैं ।

परिशिष्ट 'ग'

प्रेक्टिस प्रमाणपत्र धारी सदस्यों में वृद्धि

भाग-II

वर्ष	वर्ष के दौरान				31 मार्च को कुल प्रैक्टिस प्रमाणपत्र धारी सदस्यों की संख्या
	जारी	नवीकरण	रद्द	निवल वृद्धि	
(क) 1986-87	185	694	55	130	879
1987-88	247	818	61	186	1065
1988-89	258	931	131	127	1192
1989-90	122	1103	89	33	1225
1990-91	135	1053	216	-37	1188
1991-92	105	997	209	-86	1102
(ख) सकल परिवर्तन (1986-87 से 1991-92)					223
(ग) प्रतिशत परिवर्तन (1986-87 से 1991-92 तक)					25.36
(घ) औसत वार्षिक वृद्धि पर (प्रतिशत)					5.07

परिशिष्ट 'घ'

सम्मेलन कार्यशाला व्यवसायिक विकास कार्यक्रम

1. नई दिल्ली में 11-13 अप्रैल 1991 को "औद्योगिक विकास की रणनीति, विषय पर आयोजित 19वां राष्ट्रीय सम्मेलन (पहले यह 7-9 फरवरी 1991 को होना था)

2. नई दिल्ली में 14 अप्रैल 1991 को कम्पनी अधिनियम का पुन संहिताकरण करने पर आयोजित कार्यशाला--कार्यशाला में हुई चर्चा के आधार पर कम्पनी कार्य विभाग को 13-5-91 को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

3. बम्बई में 10 मई, 1996 को वार्षिक विवरणों और अन्य प्रलेखों के प्रमाणीकरण के सम्बन्ध में आयोजित।

4. नई दिल्ली में 28 जून, 1991 को 'कम्पनी विधि बोर्ड तथा एम आर टी पी आयोग के सामने पेश होने की प्रक्रिया के बारे में आयोजित।

5. बंगलौर में 8-9 को 'सरकारी कम्पनियों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण कानूनी और प्रक्रिया सम्बन्धी पहलू' विषय पर डी पी ई के साथ संयुक्त कार्यक्रम

6. नई दिल्ली में 20-24 सितम्बर, 1993 को 'केन्द्रीय उत्पाद शुल्क --विधि और प्रक्रिया' के बारे में एक अभिविन्यास कार्यक्रम।

7. पुणे में 27-28 नवम्बर, 1991 को 'कर तथा वार्षिक विधानों में वर्तमान समस्याएं' विषय पर डी पी ई के साथ संयुक्त कार्यक्रम।

8 हैदराबाद में 13-15 फरवरी को 'निगम वित्त व विधि--कतिपय पहलू' विषय पर आई सी एम आई-आई सी ए आई का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया जाना था (कार्यक्रम स्थगित हो गया)।

परिशिष्ट 'ङ'

विद्यार्थी संबंधी आंकड़े

(1986-87 से 1991-92 तक)

